हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 28 सितंबर 2025

04 अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है के नारों...



07 सड़कों पर घूम रहे आवारा कुत्तों के झुंड से आमजन...





## खबर संक्षेप

### काली माता मंदिर से निकाली चुनरी यात्रा



**विदिशा।** शनिवार को रीठा फाटक काली माता मंदिर से 250 मीटर की चुनरी यात्रा निकाली गई। जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। आयोजकों ने बताया कि पिछले 5 सालों से यह चुनरी यात्रा निकाली जा रही है। इस बार 250 मीटर की चुनरी की यात्रा निकाली जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### 2500 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली



**विदिशा।** हिनोतिया वाले नगरसेन बाबा साहब मंदिर से खेड़ापति मैया मंदिर चितोरिया वाली माता मंदिर तक जय माई ग्रुप द्वारा चुनरी यात्रा निकाली गई। बच्चे, बुजुर्ग, माताएं 8 किमी पैदल चले और माता को चुनरी समर्पित की गई। पिछले 10 सालों से यह चुनरी यात्रा निकाली जा रही है। यह चुनरी यात्रा विदिशा जिले की सबसे लंबी 2500 मीटर लंबी चुनरी यात्रा है। चुनरी यात्रा में महेंद्र रघुवंशी, पवन मालवीय, अवधनारायण मालवीय, देवेंद्र लोधी, इंजी.नीरज मालवीय, गोलू लोधी, श्याम तिवारी,अंकित सेन, अभिषेक रघुवंशी, चमन दुबे, अजय चतुर्वेदी, अजय मालवीय, मयंक विश्वकर्मा, रोहित परिहार आदि शामिल रहे।

### मां सिद्धिदात्री मंदिर पर महाआरती आज

**विदिशा।** चूना वाली गली में नवरात्र के मौके पर मां सिद्धिदात्री माता मंदिर पर आज रविवार शाम 7.30 बजे महाआरती की जाएगी। मंदिर में भक्तों ने 131 अखंड जयोति प्रज्वलित कराई गई हैं। पुजारी पंडित रामनारायण चतुर्वेदी ने श्रद्धालुओं से महाआरती में शामिल होने की अपील की है।

## सभा में बोले सीएम मोहन यादव: विकास के लिए सरकार कदम से कदम मिलाकर चल रही

# कुरवाई को दी 258 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, 7 करोड़ 36 लाख की हिनौता बांध परियोजना का लोकार्पण

***मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव लंबे समय के इंतजार के बाद अपने प्रथम दौरे पर कुरवाई पहुंचे। कुरवाई के निकट ग्राम पंचायत रूसिया में पठार पर बनाए गए हेलीपैड पर अपने निर्धारित समय से लगभग डेढ़ घंटा देरी से पहुंचे। क्षेत्र की जनता फिर भी पूरे उत्साह के साथ उनके स्वागत के लिए इंतजार में खड़ी रही, जबकि उनके आने के कुछ घंटे पहले तक बारिश हो गई थी। इसके बाद भी लोग उनके स्वागत में डटे रहे।***

*कुरवाई के रूसिया पठार पर उद्योग विभाग की भूमि में उद्योग लगाने, पठारी में शासकीय कॉलेज खोलने और कुरवाई नगर परिषद को विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ रुपए देने की घोषणा सीएम ने कार्यक्रम के दौरान की। उन्होंने कहा सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है।*

**बीना रिफाइनरी में विदिशा एवं सागर जिले के युवाओं को रोजगार मिलना सुनिश्चित हो सके इन मुद्दों पर नहीं बोले।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरवाई

मुख्यमंत्री डॉ यादव शनिवार ने कुरवाई में आयोजित हिनौता सिंचाई परियोजना अंतर्गत जाजपोन पुनर्वास कॉलोनी एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कुरवाई एवं विदिशा जिले के विकास के लिए 258 करोड रुपए की सौगात दी। उन्होंने 92 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत के 46 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं 165 करोड रुपए की लागत के 34 कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही 7 करोड़ 36 लाख रुपए की हिनौता बांध परियोजना का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन सिंह पटेल, सांसद डॉ लता वानखेड़े, विधायक गण हरि सिंह सप्रे, सूर्यप्रकाश मीणा, हरि सिंह रघुवंशी, उमाकांत शर्मा, मुकेश टंडन सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। विदिशा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम से पहले बारिश के कारण थोड़ी अवस्था हुई।

मुख्यमंत्री के आने के पूर्व मौसम पूरी तरह से साफ हो गया और खुले मौसम में रोड शो प्रारंभ हुआ, जो बेतवा नदी तट से प्रारंभ होकर बीना तिराहे तक निकाला गया। जिसमें रास्तेभर में विधायक सप्रे ने दर्जनों बुलडोजर से फूल बरसाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, कर्मचारी संगठन, व्यापारियों ने टेंट लगाकर जगह-जगह मुख्यमंत्री किया। शासकीय महाविद्यालय परिसर में बनाए गए मंच पर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने कन्यापूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विधायक हरिसिंह सप्रे ने अपने स्वागत भाषण में मुख्यमंत्री एवं मप्र सरकार द्वारा लाडली बहनों, मजदूर, किसानों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी लाभकारी योजनाओं के द्वारा प्रदेश को विकसित प्रदेश की श्रेणी में लाने के धन्यवाद दिया। वहीं कुरवाई एवं विधानसभा क्षेत्र को करोड़ों की सौगात देने पर मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार माना।




**विदिशा।** सभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि घायल की जान बचाने के लिए सरकार ने 25 हजार की राशि देने का निर्णय लिया है। इलाज के लिए एयरलिफ्ट की सुविधा भी दी जाएगी।

**मंच से की मांग**

विधायक हरिसिंह सप्रे ने मंच से मुख्यमंत्री मोहन यादव से विधानसभा क्षेत्र के लिए कुरवाई से बीना सिरोंज मंडी बामोरा मार्ग को जोड़ने वाले रिंग रोड की मांग, पठारी में शासकीय महाविद्यालय, कुरवाई नगर पंचायत को नगर बनाने, कुरवाई शासकीय चिकित्सालय 50 बिस्तर का करने एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की मांग की। बीना रिफाइनरी से निकलने वाले बायप्रोडक्ट आधार उद्योगों को रूसिया पठार पर आरक्षित उद्योग विभाग की भूमि में लगाने की मांग, उदयपुर के नीलकंठ महादेव मंदिर कॉरिडोर निर्माण, बीना से कुरवाई सिरोंज ब्यावर होते हुए नवीन रेल मार्ग सहित दर्जनों क्षेत्र की विकास की घोषणा की मांग की। अंत में मुख्यमंत्री ने आमसभा को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश के विकास के अपने संकल्प को दोहराया परंतु कुरवाई की महत्वपूर्ण समस्या बीना सिरोंज मंडी बामोरा रिंग रोड एवं बीना रिफाइनरी में विदिशा एवं सागर जिले के युवाओं को रोजगार मिलना सुनिश्चित हो सके इन मुद्दों पर एक शब्द भी नहीं बोला।

### भाई दूज पर लाडली बहनों को 1500 की राशि मिलेगी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार लाडली बहना योजना के अंतर्गत दीपावली के बाद भाई दूज पर लाडली बहनों को 1500 रुपए की राशि देगी। राज्य सरकार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए भी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। बच्चों को स्कूटी, छात्रावास, सीएम राइज स्कूल आदि की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश में सांदीपनि विद्यालय भी अच्छे बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण की जहां लीलाएं हुई हैं वहां प्रदेश में तीर्थ स्थल बनेंगे।

### भावांतर की राशि पंद्रह दिन में खातों में आएगी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा कर प्रदेश में भावांतर योजना लागू कर दी गई है। इस साल सोयाबीन की फसल की बिक्री पर 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी। किसानों को अंतर की राशि सरकार देगी जिसका भुगतान उनके बैंक खातों में 15 दिन के अंदर कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि विदिशा जिले में खराब हुई किसानों की फसलों का सर्वे कराया जाएगा। किसानों को राहत राशि, बीमा आदि का लाभ मिलेगा। किसानों को सिंचाई के लिए कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। केन- बेतवा लिंक परियोजना के माध्यम से सिंचाई और उद्योगों को पानी मिलेगा।

### सीएम की घोषणाएं

- नगर परिषद कुरवाई के विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ की राशि दी जाएगी।
- पठारी में महाविद्यालय खोला जाएगा।
- कुरवाई में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कर 50 बिस्तर का बनाया जाएगा।
- बीना रिफाइनरी के सहायक उत्पादों के लिए औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जाएगा।
- कुरवाई, लटेरी और नटेरन में 50-50 बिस्तर के नए छात्रावास खोले जाएंगे।
- कुरवाई और विदिशा में 10 करोड़ की लागत से जनपद पंचायत भवन बनाए जाएंगे।
- सिरोंज एवं अन्य स्थानों पर 6 करोड़ की लागत से हाई स्कूल भवन बनाए जाएंगे।
- लटेरी और ग्यारसपुर में 87 करोड़ रुपए की लागत से सांदीपनि स्कूल एवं क्रिटिकल केयर अस्पताल खोले जाएंगे।
- कुरवाई में बेतवा नदी पर घाट और सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।
- उदयपुर गणेश मंदिर से कुल्हार तक सड़क का निर्माण कराया जाएगा।
- उदयपुर में नीलकंठेश्वर कॉरिडोर बनाने के लिए सभी आवश्यक कार्य कराये जाएंगे।

## अमेरिका गए परिवार के घर चोरी, बदमाशों ने अलमारियों के ताले तोड़े, सीसीटीवी और डीवीआर लेकर रफूचक्कर हुए

**घटना के बाद पुलिस पहुंची लेकिन मकान मालिक न होने के कारण वापस लौट आई।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

तख्तमल मल कॉलोनी में अमेरिका गए परिवार के सूने मकान में चोरी हो गई। चार दिन पहले उनके पड़ोसी ने फोन पर इसकी सूचना दी थी। इसके बाद शुक्रवार को परिवार के विदिशा लौटने पर पुलिस ने पहुंचकर छानबीन की। मकान मालिक शैलेंद्र कटारिया परिवार के दो महीने पहले अमेरिका गए थे। चार दिन पहले उनके पड़ोसी ने फोन पर बताया कि घर के ताले टूटे हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मकान मालिक मौजूद नहीं होने के कारण लौट गई। शुक्रवार देर रात कटारिया परिवार विदिशा लौटा, तो मेन गेट टूटा हुआ था, अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियों के ताले टूटे थे। चोर इतने शातिर थे कि घर के सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर तक निकालकर ले गए।



**विदिशा।** घर वापस लौटने के बाद सामान की पड़ताल करते हुए कटारिया दंपति।

### तीन संदिग्ध कैद

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर रात के समय तीन संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए हैं। फिलहाल पुलिस उनकी पहचान में जुटी है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

### जलप्रदाय योजना का स्टाल लगाकर लोगों को दी जानकारी

**कुरवाई।** हनोता जलप्रदाय योजना इनमें से 562 ग्राम में पानी पहुंचेगा। साथ ही 2 लाख 75 हजार घरों के ग्रामीणों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसी के चलते जलप्रदाय समूह योजना के तहत जेडब्लू आई एल इंफ्रा लिमिटेड के द्वारा सीएम के कार्यक्रम में एक स्टॉल लगाया गया। जहां ग्रामीणों को इस योजना के बारे में जानकारी दी गई। वहीं योजना के महाप्रबंधक आरके चावला ने सीएम मोहन यादव एवं विधायक हरि सप्रे को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जेडब्लू आईएल इंफ्रा लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रशांत कुमार पांडा, लाइजनिंग ऑफिसर पवन कुमार जैन, एडमिनिस्ट्रेशन इंचार्ज नीलेश शर्मा, सीनियर इंजीरियर हर्ष भारद्वाज, प्लानिंग इंचार्ज रंगनाथन मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के दौरे के पहले ही कांग्रेसियों को नजरबंद किया

**कांग्रेस ने कहा: भाजपा नेताओं की जुबान बेलगाम हो चुकी**



**विदिशा।** कोतवाली टीआई आनंद राज ने कांग्रेसियों को थाने में बैठाए रखा।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

**कांग्रेस पार्टी ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक विरोध को दबाने का प्रयास बताया।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव के कुरवाई दौरे से पहले कांग्रेस के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने नजरबंद कर लिया। ये नेता भाजपा नेताओं के विवादित बयानों के विरोध में मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने जा रहे थे।

पुलिस ने पूर्व प्रदेश महामंत्री सुभाष बोहत, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार और जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण अवस्थी सहित कई कार्यकर्ताओं को उनके घरों से उठाकर सीधे कोतवाली थाने पहुंचा दिया। उन्हें मुख्यमंत्री के विदिशा जिले से रवाना होने तक थाने में ही बैठाए रखा गया। कांग्रेस ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक विरोध को दबाने का प्रयास बताया। सुभाष बोहत ने आरोप लगाया कि उनका विरोध पूरी तरह लोकतांत्रिक था, लेकिन पुलिस ने उन्हें मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने से रोकने के लिए हिरासत में लिया। बोहत ने कहा कि भाजपा नेताओं की जुबान बेलगाम हो चुकी है। उन्होंने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के भाई-बहन के रिश्ते पर अशोभनीय टिप्पणी और कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे द्वारा लाड़ली बहनों के अपमान का जिक्र किया।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार ने कहा कि महिलाओं और गांधी परिवार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा नेताओं पर कार्रवाई करने के बजाय पुलिस का इस्तेमाल कांग्रेस की आवाज दबाने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार विरोध की आवाज बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि भले ही आज पुलिस ने उन्हें रोका हो, लेकिन भाजपा नेताओं के अशोभनीय बयानों का विरोध कांग्रेस लगातार करती रहेगी।

## सीएम ने नियुक्ति पत्र सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुरवाई में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों में से सुपरवाइजर पद पर नियुक्त श्वेता सोनी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर नियुक्त शालिनी ठाकुर को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने दोनों चयनितों सहित सभी नव-नियुक्त कर्मचारियों को दीं और कहा कि उनकी सेवाओं से समाज के सबसे नाजुक वर्ग, माताओं और बच्चों को सीधा लाभ मिलेगा।

सीएम ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की भूमिका समाज में पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। नई नियुक्तियों से विभागीय कार्य और अधिक सशक्त होंगे।

## कांग्रेसियों ने रात में फूंका कैलाश विजयवर्गीय का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय और कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे के विवादित बयानों को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। माधवगंज चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं का पुतला दहन कर इस्तीफे की मांग की। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पुतला छीनने की कोशिश की और एक पुतला जब्त भी कर लिया। लेकिन कांग्रेसियों ने दूसरा पुतला लाकर उसमें आग लगा दी। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा।



### भाजपा नेताओं के बयान उनके संस्कारों को दर्शाते हैं

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि विजयवर्गीय का बयान भाई-बहन जैसे पवित्र रिश्ते का अपमान है और यह उनके संस्कारों को दर्शाता है। कांग्रेस नेताओं ने कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे के हाल ही में दिए गए बयान को भी अशोभनीय बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं की यह भाषा उनकी घटिया मानसिकता को उजागर करती है।

## चिंतामणि गणेश मंदिर से मां अन्नपूर्णा सेवा समिति ने निकाली विशाल ध्वज यात्रा

# 200 फीट ऊंची पहाड़ी पर चढ़कर किए माता के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

अन्नपूर्णा सेवा समिति ने शनिवार को लोहागी वाली मां अन्नपूर्णा मैया की ध्वज यात्रा निकाली। जो चिंतामणि गणेश मंदिर से प्रारंभ कर मुख्य मार्गो से होते हुए लोहंगी पहाड़ी पहुंचकर समाप्त हुई।

इस यात्रा का नगर में कई जगह भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में मैया के कई स्वरूप बनकर आए छोटे-छोटे बच्चों ने भी भाग लिया। जिनको समापन पर पुरस्कार वितरित किए गए। लोहंगी पहाड़ी विदिशा के बीचों-बीच धरातल से 200 फीट ऊंचाई पर स्थित है। जहां पर अन्नपूर्णा माता विराजमान हैं। विगत 12 वर्षों से मां अन्नपूर्णा सेवा समिति द्वारा मैया की ध्वजा यात्रा निकाली जा रही है। नवदुर्गा में 9 दिन घट स्थापित कर सुबह-शाम दोनों टाइम आरती भी की जाती है। शनिवार को निकाली गई में प्रमुख रूप समिति के संस्थापक महिपाल सिंह राजपूत, संचालक प्रशांत खत्री, संरक्षक वीरेंद्र सिंह धाकड़, पप्पू सरदार, निर्मल कौर, शक्ति अग्रवाल, विमलेश चौबे, राधिकाशरण दास , कल्पना किरार, संतोष पेंटर, बबीता चौहान, पवन नामदेव, रानी राजपूत, अजब सिंह धाकड़, हेमलता धाकड़ सहित समिति के पदाधिकारी सहित सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में काम करने वाले कार्यकर्ता मौजूद रहे।





**विदिशा।** नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई ध्वज यात्रा में बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और महिला मंडल की कार्यकर्ता शामिल हुईं।




## खबर संक्षेप

### बजरंग दल का शस्त्र पूजन कार्यक्रम आज

**गंज बासौदा।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में रविवार दोपहर 1 बजे संगठन के बालाजी नगर स्थित जिला कार्यालय अशोक भवन में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विहिप, बजरंग दल के सभी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

### लगाई जा रही नि:शुल्क वैक्सीन



**गंज बासौदा।** नगर के बरेठ रोड स्थित नेमा वेटनरी पॉइंट पर विश्व रेबीज डे पर सेवानिवृत्त पशु चिकित्सा डॉक्टर जीएस नेमा द्वारा पालतू कुत्ते ,बिल्लयों एवं आवारा घूम रहे कुत्तों को निशुल्क एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई जाएगी। इन दिनों कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ रही हैं और कुत्तों के काटने से लोगों को अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ जाता है। जिसको ध्यान में रखते हुए सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक जीएस नेमा ने अपने निजी खर्चे पर वर्ल्ड रेबीज डे पर नि:शुल्क वैक्सीन लगाने का निर्णय लिया है। यह वैक्सीन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगाई जाऐगी एवं कुत्तों, बिल्लियों की जांच भी की जाऐगी।

### हल्की बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता



**गंज बासौदा।** शनिवार को अल सुबह हल्की बारिश हुई जिससे नगर की सड़कें पानी से तरबतर हो गईं। वहीं दोपहर के बाद फिर से हल्की बारिश का दौर कुछ देर चला जिससे सड़कें पानी से तरबतर हो गईं वहीं कुछ समय के लिए मौसम में ठण्डक घुल गई। यहां उल्लेखनीय है कि लगभग एक पखवाड़े के बाद नगर में फिर से मौसम में बदलाव आया है और रुक रुक कर हल्की बारिश होने लगी है। इस बारिश से उन किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रहीं हैं जिनके खेतों में सोयाबीन की फसल पककर कटने को तैयार खड़ी है या कटी हुई खेतों में पड़ी हुई है। किसानों का कहना है कि यह बारिश खरीफ फसलों के लिए नुकसान दायक है इससे फसलें भीगकर खराब एवं दागी हो जाऐंगी जिससे दामों पर असर पड़ेगा। गुणवत्ता में कमी के कारण मंडी में फसल का भाव कम मिलेगा, जिससे किसानों को नुकसान होगा।

### प्रधान आरक्षक पर प्राणघातक हमला करने वाला इनामी आरोपी गिरफ्तार

# अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है के नारों के साथ निकाला जुलूस





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रधान आरक्षक पर प्राणघातक हमला करने वाले 10 हजार रुपए के इनामी कुख्यात आरोपी को सिटी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर NSA के तहत कार्रवाई की है। आरोपी को केन्द्रीय जेल भोपाल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 24 सितम्बर को डायल–112 को पीडित शिवम ने शिकायत की थी कि उसका भाई धर्मेन्द्र घर में मारपीट एवं विवाद कर रहा है। सूचना पर पायलट राजाराम दांगी और प्रधान आरक्षक भीमसिंह किरार मौके पर पहुंचे थे। जहां धर्मेन्द्र रैकवार ने प्रधान आरक्षक भीमसिंह पर प्राणघातक हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद पायलट घायल प्रधान आरक्षक को अस्पताल लेकर पहुंचा। पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र पर धारा 296, 109, 132, 121(1), 221 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उधर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए उस पर 10,000 रुपए का नगद इनाम घोषित किया। साथ ही थाना आदतन एवं खतरनाक अपराधियों पर त्वरित और कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। जिसने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपी धर्मेन्द्र रैकवार को ग्राम हतोड़ा के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से प्राणघातक हमले में प्रयुक्त लकड़ी की पाटी भी जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) का प्रकरण तैयार कर जिला दण्डाधिकारी द्वारा निरोध आदेश जारी किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर केन्द्रीय जेल भोपाल भेजा गया। इस कार्रवाई में एसपी रोहित काशवानी द्वारा गठित टीम ने सराहनीय कार्य किया।

## खाद के लिए किसान हो रहे परेशान नहीं मिल रही पर्याप्त मात्रा में खाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस दोपहर के समय त्योंदा मार्ग स्थित शासकीय वेयरहाउस पर डीएपी खाद लेने पहुंचे किसानों को भारी अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। खाद वितरण के दौरान लंबी कतारें लग गईं जहां धक्का-मुक्की की स्थिति निर्मित हो गई, जिससे किसान परेशान हुए। वेयरहाउस पर टोकन के माध्यम से खाद का वितरण किया जा रहा था। टोकन खिड़की पर किसानों की अत्यधिक भीड़ जमा हो गई। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी किसान खाद लेने पहुंचे थे, लेकिन अव्यवस्था के कारण उन्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ी। किसानों का कहना है कि खाद वितरण के लिए न तो व्यवस्थित लाइन लगाई गई और न ही कतार में खड़े किसानों के लिए इंतजार करने की कोई व्यवस्था थी। वहीं उपजेल रोड स्थित शासकीय वेयर हाउस पर पर भी खाद लेने के लिए किसानों की लंबी कतारें लग रहीं हैं। उन्हे पर्याप्त खाद न मिलने के कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## नगर में निकली भव्य चुनरी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को खाटू श्याम मंदिर से 121 फीट लंबी चुनरी लेकर नगर में भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई, जो बरेठ रोड, जय स्तंभ चौक होते हुए श्री शीतला शक्ति धाम मंदिर पहुंची, जहां महिलाओं ने मां शीतला को चुनरी अर्पित की। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर इस चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। खाटू श्याम मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के बाद यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा के दौरान डीजे पर युवा नाचते-गाते चल रहे थे, जबकि महिलाएं भक्ति भजन गाती हुई चल रही थीं। यात्रा के दौरान 121 फीट लंबी चुनरी को महिलाएं अपने हाथों में लेकर मुख्य मार्गों से गुजरीं। कई स्थानों पर सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के सदस्यों ने चुनरी यात्रा का स्वागत किया।



गंजबासौदा। पुराना बस स्टैंड पर नौ रूपों में विराजमान मां अम्बे की सुंदर झांकी



गंजबासौदा। वार्ड क्रमांक 10 गौशाला में विराजमान मां दुर्गा की सुंदर झांकी

## चलित गौ-नंदी सेवा समिति की अनोखी पहल को तहसीलदार ने सराहा



**गंजबासौदा।** सड़क दुर्घटना में असमय मौत होने वाली बेसहारा गौवंश की आत्मशांति के लिए चलित गौ-नंदी सेवा समिति ने सराहनीय पहल की है। जिसकी तहसीलदार अरविंद यादव ने सराहना की है। समिति द्वारा विगत दिनों विधि-विधान से श्राद्ध तर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हवन में गाय के घी और और शक्कर की आहुति देकर सभी मृत गायों की आत्म शांति हेतु विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा गौमाता की परिक्रमा एवं आरती उतारी गई। मंत्रोच्चारण के द्वारा पूजन विधि बालाजी नगर स्थित हनुमानजी मंदिर के पुजारी घनश्याम महाराज एवं देवेन्द्र शर्मा द्वारा संपन्न करवाई गई। हवन में शामिल हुए तहसीलदार अरविंद यादव ने कहा कि सड़कों पर यदि गौवंशों को न छोड़ा जाए तो उनकी दुर्घटना में कभी भी मृत्यु नहीं होगी और ना ही इस प्रकार के कार्यक्रम की आवश्यकता होगी। उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि सोयाबीन के भूसा में आग ना लगाकर गौवंश संरक्षण के लिए उपयोग में किया जावे। समिति के सदस्य एडवोकेट रामसेवक रघुवंशी ने कहा कि अंबानगर चौराहा जैसी अस्थाई व्यवस्था गौ आश्रय स्थल के रूप में नवीन मंडी के आसपास भी करवाई जाए जिससे सड़कों पर रहने वाले गौवंशों को आसरा प्राप्त हो सके। कार्यक्रम को अशोक चौरसिया, महेश चतुर्वेदी ने संबोधित किया। चलित गौ-नंदी समिति के सदस्य बलवीरसिंह गुर्जर ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय की एवं व्यवस्था रुपेश गुर्जर, अजय दांगी ने की। निराश्रित बेसहारा गौवंशों के लिए एक ट्राली हरे चारा की व्यवस्था कंजना गांव के ग्रामीणजनों ने की। 100 से अधिक निराश्रित बेसहारा गौवंशों को हरा चारा खिलाकर सड़क दुर्घटना में मृत गायों की आत्मशांति के लिए विधि-विधान से हवन भी किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गौ सेवक एवं नागरिक मौजूद थे।

## आचार्य विद्यावैली के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वैली विद्यालय के छात्रों ने 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा तीरंदाजी एवं फील्ड आर्चरी प्रतियोगिता शुजालपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम प्रदेश में रोशन किया है। विद्यार्थियों ने कठिन मेहनत, सटीकता और कौशल का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हुए प्रतियोगिता में शानदार सफलता अर्जित की। विजेता खिलाड़ी भवर सिंह गुर्जर रजत पदक, निमश यादव कांस्य पदक, अपेक्षा सोनी कांस्य पदक प्राप्त किए। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की अनवरत मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। साथ ही इनके कोच दीपेश यादव के निरंतर मार्गदर्शन और कठोर अभ्यास ने इन विजयों को संभव बनाया। ग्राउंड पर की गई उनकी मेहनत और खिलाड़ियों के आत्मविश्वास ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय परिवार, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना एवं समिति सदस्य प्रणय जैन, अशोक जैन, सतेंद्र सिंह राजपूत,पंकज जैन ने विजेता खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## डांडिया-गरबा पर थिरके नौनिहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर में शक्ति की भक्ति की आराधना का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में गरबा और डांडिया-गरबा की थाप पर स्कूल के शिक्षकों सहित हर उम्र के बच्चे थिरकते नजर आए। वहीं पिछले दो दिनों से स्कूल की कक्षा नर्सरी से लेकर पांचवी तक के 200 से ज्यादा आकर्षक वेशभूषा में नौनिहाल डांडिया और गरबा की थाप पर घंटों तक पूरे भक्ति भाव से थिरकते नजर आए।

गरबा डांडिया के माध्यम से शक्ति के पर्व नवरात्र पर नौनिहाल बच्चों की गरबा की मस्ती और डांडिया की तन्मयता ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। डांडिया-गरबा महोत्सव की तैयारी और शिक्षकों के प्रशिक्षण के कारण मां दुर्गा के भजनों ने समां बांध कर वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर स्कूल की काउंसलर इंजीनियर संघमित्रा यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छोटे-छोटे नौनिहाल जिस लयबद्धता के साथ गरबा डांडिया का प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पता चलता है कि प्रत्येक बच्चे में जन्मजात प्रतिभा होती है, जिसे उभारने की जिम्मेदारी शिक्षक की होती है। गरबा महोत्सव कार्यक्रम में संस्था डायरेक्टर केएस यादव, सुधा यादव, प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, रजनी गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, केपीएस चौहान ने कार्यक्रम का आनंद उठाते हुए जमकर सराहना की। वहीं प्रशिक्षक नेहा सक्सेना, यशदा भारद्वाज, शिवांगी शर्मा, अनीता दुबे, ईशा जैन, स्नेहा प्रजापति ने छोटे-छोटे नौनिहालों को वेशभूषा सज्जा और गरबा डांडिया का प्रशिक्षण दिया।

### आर्य समाज के तत्वावधान में शिविर आयोजित

# आत्मरक्षा शिविर का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आर्य समाज के तत्वावधान में नवदुर्गा के पावन पर्व के अवसर पर महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए नगर की बेटियों के लिए आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जो नवदुर्गा के दूसरे दिन से आरंभ हो चुका है, जिसमें पांच वर्ष की नन्ही बालिका से लेकर 50 साल की महिलाएं तक अपनी सहभागिता निभा रही हैं। जो आत्मरक्षा के विभिन्न प्रकार के गुण सीख रही हैं। जिसमें लाठी, मार्शल आर्ट और जूडो कराते आदि के द्वारा हमें दुश्मन से कैसे अपना बचाव करना है और अपने आप को सुरक्षित रखना है। इन विषयों पर ट्रेनिंग ले रही हैं। इसके साथ साथ सनातन वैदिक सिद्धान्तों की जानकारी भी दी जा रही है। शस्त्र चालन के पश्चात 15 मिनिट की धार्मिक कक्षा भी प्रति दिन लगती है।

शिविर का मुख्य उद्देश्य आज के बदले हुए माहौल में हमारी बेटियां सुरक्षित कैसे रह सकती हैं। जब वह स्वयं अपनी आत्मरक्षा में समर्थ होगी तो माता-पिता को उनकी सुरक्षा की चिंता नहीं रहेगी और वह अपनी सुरक्षा स्वयं ही कर लेंगी। इसी श्रृंखला में इस वर्ष भी आत्मरक्षा शिविर का आयोजन रखा गया है। आर्य समाज के द्वारा नगर की बेटियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति देकर आत्मरक्षा के गुण को सीखने और शक्तिशाली बनने की अपील की गई। शिविर पूरी तरह नि: शुल्क है इसमें किसी भी तरह की कोई शुल्क नहीं ली जा रही है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तिकरण का है।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में दीं विभिन्न जानकारी

**गंजबासौदा।** शनिवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के प्राचार्य के निर्देशन में महाविद्यालय में अध्यनरत समस्त छात्र-छात्राओं को डॉ. बाल कृष्ण प्रजापति द्वारा बताया गया कि अशासकीय संस्थाओं द्वारा स्नातक बीए, बीएससी प्रथम वर्ष में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को विभिन्न छात्रवृत्तियां प्रदान की जा रही हैं। विद्यार्थी अपनी अपनी पात्रता अनुसार ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से फार्म भर छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकते हैं। जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। अशासकीय संस्थाओं



द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति में अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति जिसमें शासकीय स्कूल से कक्षा 12 वीं पास, टाटा कैपिटल रैंक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वी पास 60 प्रतिशत अंकों से तथा परिवार की आय ढाई लाख रुपये, रिलायंस छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं पास 60 प्रतिशत अंकों से तथा परिवार की आय ढाई लाख रुपये, जे के टायर छात्रवृत्ति कक्षा 12 वी पास 55 प्रतिशत अंकों से तथा परिवार की आय पांच लाख रुपये, एचडीएफसी छात्रवृत्ति कक्षा 12 वी पास 60 प्रतिशत अंकों से तथा परिवार की आय ढाई लाख रुपये होना चाहिए। वहीं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सिकल सेल एनीमिया के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। डॉ. सरिता घेंघट ने सिकल सेल के प्रकारों के बारे में जानकारी दीं। डॉ.एल एन दुबे द्वारा विद्यार्थियों को इस बीमारी के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस बीमारी से उत्पन्न होने वाले खतरे तथा इसके लक्षण उन्होंने विस्तार से विद्यार्थियों को समझाया। साथ ही इस बीमारी से बचने हेतु उपाय भी बताए। इस कार्यक्रम के प्रभारी डॉ.आरडी जाटव रहे, कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ कंचन वेद्य एवं सेवा पखवाड़ा के प्रभारी घनश्याम चौकसे उपस्थित रहे।

## झांकी स्थल पर हो रहे आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री शिव शक्ति नवदुर्गा उत्सव समिति वार्ड नंबर 8 में नवरात्रि के पहले दिन से ही माता रानी के भक्त भक्ति में सराबोर दिखाई दे रहे हैं। सुबह 4 बजे से ही माता के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा दिखाई दिया। भक्त श्रद्धा भाव से जल अर्पण करने के लिए शीतला शक्ति धाम सहित अनेक मंदिरों में पहुंचे। माता रानी के मंदिरों को फूल मालाओं और रंग बिरंगी लाइट रोशनी से सजाया गया। शक्ति की आराधना का त्यौहार नवरात्रि मनाया जा रहा है। 2 अक्टूबर को विजयी दशमी के त्यौहार पर मातारानी की प्रतिमा के विसर्जन के साथ नवरात्रि का समापन होगा। झांकी सदस्य सुदीप मालवीय ने बताया कि वार्ड नंबर 8 अयोध्या बस्ती में मां दुर्गाजी की झांकी लगभग 17 बरसों से लगती आ रही है। प्रतिवर्ष माता की प्रतिमा होशंगाबाद से लाई जाती है। इस वर्ष भी होशंगाबाद से लाई गई प्रतिमा स्थापित की है। झांकी में प्रतिदिन आरती के बाद गरबा डांस एवं भजन संध्या का कार्यक्रम किया जा रहा है।

### झांकियों में जगत जननी के दर्शन करने देर रात तक श्रद्धालुओं की चहल-पहल

# माता रानी के विभिन्न स्वरूप प्रतिमा को देखने के लिए उमड़ रही भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर सहित ग्रामीण अंचलों में मां भगवती की आराधना भक्ति भाव से की जा रही है। नगर में लगभग 70 से अधिक स्थानों पर एक से बढ़कर एक मां जगत जननी की प्रतिमा विराजमान है, जहां पर सुबह-शाम विशेष आरती होती है वहीं दूसरी ओर झांकियों में भक्ति भाव से धार्मिक कार्यक्रम भी हो रहे है। साथ ही आरती के बाद प्रसादी वितरण किया जाता है। तो वही माता रानी के अलग-अलग स्वरूपों के दर्शन करने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की चहल-पहल रहती है पूरा नगर माता रानी की भक्ति में लीन नजर आ रहा है। वहीं इमलानी रोड पर काली माता के भव्य विराट स्वरूप की प्रतिमा विराजमान है।

जहा माता रानी के दर्शन के लिए प्रतिदिन बडी संख्या में श्रद्धालु पहुच रहें है। इसके अलावा सुबह के समय मंदिरों में माता रानी को जल चढ़ाने के लिए भी भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग रही है। तो वही ग्रामीण अंचलों में भी उत्साह पूर्वक आयोजन हो रहे हैं। इसी के साथ नगर के छत्री नाका चौराहा पर श्री नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा लगाई गई माता रानी की झांकी आकर्षक का केन्द्र बनी हुई। माता रानी के दर्शन के लिए शाम 7 बजें



से ही भक्तो की भीड मुख्य चौराहा पर लगी देखी जा रही है। वही समिति के सदस्य राजेन्द्र, हरिओम, रिंकू, महेन्द्र, शैंकी सुबह शाम माता रानी के सेवा में लगें हुए है।

## सुदंरकांड पाठ का हो रहा आयोजन

नवरात्रि के पावन पर्व पर झांकियों में प्रतिदिन संगीतमय सुदंर कांड और भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। तों वही ढोल-नगाड़ों के साथ मां अम्बे की महाआरती में भक्त उपस्थित हो रहे हैं। झांकियो में होने वाली महाआरती के दौरान क्षेत्र में धर्ममय वातावरण बना रहा। इस दौरान बड़ों से लेकर बच्चे भी माता के जयकारे लगाते और भजन गाते नजर आए। वही पंडित द्वारा वेदमंत्रों के साथ पूजन अर्चना की और ज्योत प्रज्वलित कर मां अम्बे की महाआरती कराई।

## आधुनिकता की दौड़ में पीछे रह गए देशी दीप



*सिरोंज। आधुनिकता की दौड़ में हमारे देशी दीए पीछे रह गए, जहां सभी सामान की कीमतें कई गुना बढ़ गई तो वहीं मिट्टी के देशी दीपो की कीमतें घट रही है और बिक्री भी 10 फीसद रह गई। जहां दीपावली को 20 से 22 दिन ही बचे है, लेकिन मिट्टी से दीप बनाने वाले कई घरों में चाक बंद है। शहर में ऐसे कई परिवार है जो मिट्टी के बर्तन व दीप बनाकर जीवनयापन करते है। वहीं उन्होने बताया कि एक समय मिट्टी से बने दीए की परंपरा थी और दीए बनाने का काम दो महीने पहले शुरू हो जाता था और दीपावली पर हर परिवार के 15 हजार दीए बिक जाते थे, लेकिन अब मशीनों से बनकर आने वाले डिजाइनिंग वाले दीपों से मिट्टी के देशी दीए दीपावली पर दो हजार भी नहीं बिक पाते। इससे अब दीपावली नजदीक आते ही काम शुरू करते हैं और कम दीए ही बनाते हैं ताकि नुकसान न हो। देवेन्द्र प्रजापति ने बताया कि एक दौर था जब कुम्हार के मिट्टी से बने दीए परंपरा के रूप में खरीदे जाते थे, जिन्हें हम हाथों से तैयार करते थे। दो से तीन दिन में 15 हजार दीए बेंचते थे, लेकिन अब मशीनों से डिजाइनिंग वाले दीए तैयार होकर बाजार में बिकने आ जाते है, इससे हमारे दीए नहीं बिक पाते है, जबकि सादा दीपों के पीछे भी एक परिवार की दीपावली मनाने की उम्मीद रहती है।*

## इकलौद सहकारी समिति से शासन को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास हुआ विफल

**सिरोंज**। इकलौद प्राथमिक कृषि सहकारी समिति का एक समाचार पत्र में समिति में खाद भंडारण में गड़बड़ी एवं 400 बोरी डीएपी समिति केन्द्र की बजाय अवैध कॉलेनी में रखवाया के शीर्षक को लेकर खबर प्रकाशित हुई। जबकि समिति प्रबंधक कन्हैयालाल विष्वकर्मा ने बताया कि पूर्व के वर्षो से ही इकलोद समिति का खाद गोदाम भवन का छत क्षतिग्रस्त होने व सुरक्षा व्यवस्था की आषंका को लेकर समिति प्रबंधन ने खाद की सुरक्षा की दृष्टि एवं बारिश की संभावना को लेकर कृषि विभाग सिरोंज द्वारा पूर्व में 8 सितम्बर को ही खाद रखने को लेकर अनुमति ली गई थीं। उल्लेखनीय है कि खाद का ट्रक एक दिन पूर्व ही विदिशा स्थित वरिष्ठ कार्यालय से 24 सितमबर शाम को ही खाद प्राप्त हुआ था और गुरूवार शाम को समिति प्रबंधन द्वारा खाद वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में खाद इकलोद समिति द्वारा इकलोद स्थित सहकारी समिति के गोदाम भवन पर भंडारण कर दिया गया। परिवहन के दौरान सरकार को बदनाम करने की मंशा को लेकर किसी ने समाचार पत्र को भ्रामक जानकारी दी। विदित होकि प्रदेश सरकार द्वारा डीएपी खाद किसानों के लिये पारदर्षिता के वितरण के तहत पीओएस मशीन द्वारा वितरण कि जा रहीं है। खाद की कालाबाजारी को लेकर लगाये आरोप असत्य व निराधार है जिससे सहकारिता विभाग व समिति प्रबंधन को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब होकि व्यक्ति विशेष अपने स्वार्थ उद्देश्य की पूर्ति के लिऐ दबाब बनाने की मानसिकता को लेकर स्थानीय सहकारी संस्थाओं प्रबंधन को बदनाम करने व वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## सड़कों पर घूम रहे आवारा कुत्तों के झुंड से आमजन को रहता है हादसों का खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान हैं। मुख्य बाजार हो या चौक-चौराहा, मोहल्ला सभी जगह इन्होने अपना बसेरा बना लिया है। यह किसी भी बाइक चालक के पीछे भौंकते हुए दौड़ जाते हैं। बच्चे तो अक्सर आवारा कुत्तों का शिकार होते रहते है। कई बार तो आवारा कुत्तों से बचने के लिए बच्चे इस तरह जान बचाकर भागते हैं कि या तो वह दूसरे वाहनों से भिड़ जाते है या फिर सड़क पर ही गिर जाते है। आए दिन इस तरह की घटना का होना आम बात हो गई है। वैसे तो नगर के हर इलाके में आवारा कुत्तों का खौफ है, लेकिन सबसे डेंजर प्वाइंट भवानी नगर, नयापुरा, बड़ापुरा, ढाल बाजार, कस्टम पथ से लेकर छत्रीनाका तिराहा शामिल है। रात के 8 बजे तक शहर की सड़कों पर मटरगश्ती कर रहे आवारा कुत्ते शांत रहते है, लेकिन सावधानी नहीं बरतने पर काट भी लेते हैं।

### झुंड में खड़े कुत्तों से लगता है डर

नगर में इन दिनो आवारा कुत्ते के झुंड में खड़े अक्सर दिखाई दे जाते है। जिनकी संख्या चार पांच नही बल्कि दस से बारह के बीच होती है। ऐसे में स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल या पैदल आते-जाते समय इन्हे देखकर डर लगा है। कई बार यह कुत्ते आपस में लड़ने लगते है, जिससे सड़क से निकलने वाले वाहन चालाकों को वाहन खड़े करना पड़ते है। छात्र देवेन्द्र प्रजापति, अंशु पंथी, आकाश ने बताया कि सुबह प्रतिदिन कोचिंग जाते है। हम लोगों को आते-जाते समय रास्ते में खड़े कुत्तों के झुंड से डर बना रहता है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम तीनबत्ती पर होगा संपन्न

**सागर**। हर माह के अंतिम रविवार को को होने वाला कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम तीनबत्ती, गौर मूर्ति के नजदीक संपन्न होगा। नवरात्रि के पावन मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिवांगी चौबे होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू उपस्थित रहेंगे। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों, ग्रामीण कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल परिवार, नगर निगम पार्षद गणों, यंग ब्रिगेड, एनएसयूआई आदि से रविवार 28 सितंबर को सुबह 10.30 बजे तीन बत्ती पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आजीविका फ्रेश मेला का आयोजन

**सागर**। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 27 सितंबर से 29 सितंबर तक ग्रामीण स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का लोकल फॉर वोकल थीम पर आजीविका फ्रेश मेला का नगर पालिका मैदान पदमाकर नगर, नारायण नर्सिंग होम के पास, मकरोनिया में किया जा रहा है, मेला में समूहो द्वारा उत्पादित दालें, आटा, घी, आँवला कैंडी, दिये, मिट्टी के उत्पाद, अगरबत्ती, फ्लॉवर पॉट, राजगीर के लडडू, चिरोंजी, झूमर, ट्रेडी बियर, मुनगा पॉउडर, मुनगा टेबलेट, अश्वगंधा पॉउडर, अचार आदि का विक्रय किया जावेगा। उक्त मेला में आकर खरीद दारी कर ग्रामीण स्व सहायता समूहो का उत्साह वर्धन करें।

### सहकारी समितियों का पंजीयन केवल ऑनलाइन

**सागर**। जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा। प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा। तत्पश्चात आवेदक का लॉगिन निर्मित हो जाएगा।




## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम आयोजित

**सागर**। भाजपा जिला सागर द्वारा जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र कुमार जैन रहे। मंचासीन अतिथियों में सेवा पखवाड़ा अभियान प्रभारी जगन्नाथ गुरैया, आत्मनिर्भर भारत अभियान टोली के सदस्य निकेश गुप्ता, मनीष चौबे, नितिन सोनी, कविता लारिया, तथा जीएसटी अभियान प्रभारी सुरेंद्र कुमार जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि भारत प्राचीन काल में "सोने की चिड़िया" कहलाता था। हम विश्व के सबसे समृद्ध राष्ट्रों में शामिल थे और आत्मनिर्भरता की दिशा में अत्यंत सशक्त थे। लेकिन मुगलों, हूणों, अंग्रेजों, फ्रांसीसियों आदि ने भारत को लूटा। स्वतंत्रता के बाद भारत ने फिर से खुद को सशक्त बनाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के माध्यम से उपलब्ध जेनेरिक दवाइयां गरीबों के लिए स्वास्थ्य का वरदान साबित हुई है।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत एक दिन में 1200 से अधिक महिलाओं की जांच की

**सागर**। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की अभियान के अंतर्गत कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जैसीनगर में लगाए गए स्वास्थ्य परीक्षण सेवा में एक दिन में 1200 से अधिक महिलाओं बहनों एवं आम जन की जांच की गई। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉक्टर नीना गिडियन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तिमोरे ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर स्वास्थ्य सेवा आयोजित किया गया जिसमें स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण में माता बहनों के साथ-साथ सभी की जांच की गई।

## सेवा पखवाड़े पर स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर लगा, बाजार भ्रमण कर जीएसटी के फायदे बताए : पूर्वमंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालथौन

सेवा पखवाड़े से प्रेरणा लेकर सेवाभावना को जीवन भर करने संकल्पित हों। स्वदेशी अपनाइए, स्वदेशी का मंत्र ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्प को पूरा करने का रास्ता है। जीएसटी कम होने से गरीब और मध्यम वर्ग का जीवन आसान हुआ है। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने मालथौन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर में आए जनसमुदाय को संबोधित करते हुए व्यक्त किए हैं।

पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि सेवा जीवन भर करते जाने का काम है, इसे आदत बना लीजिए। सेवा से जीवन में धर्म, आध्यात्मिक, मानसिक सुख शांति मिलती है और ईश्वर की कृपा आती है। सेवाभावी व्यक्ति को ही समाज स्मृति में रखता है। उन्होंने कहा कि सेवा के कई स्वरूप हैं। स्वच्छता, रक्तदान, गौसेवा, वृक्ष लगाना, नशे की बुराई को खत्म करना, गरीब असहायों की सहायता और अन्याय व शोषण से पीड़ितों की रक्षा करना यह सब सेवा ही के रूप हैं। पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि जीवनदान सबसे बड़ा दान है और हम इसे रक्तदान के माध्यम से कर सकते हैं। रक्तदान से किसी का जीवन बचता है और रक्तदाता के



स्वास्थ्य को लाभ होता है। रक्त कृत्रिम रूप से नहीं बनता, मनुष्य ही मनुष्य को दे सकता है। रक्तदान ऐसी सेवा है जिसे करने में धन भी खर्च नहीं होता इसलिए अमीर गरीब सभी इसे सेवा के रूप में अपना सकते हैं। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने 390 वस्तुओं को जीएसटी कम करके बहुत सस्ता कर दिया है। उन्होंने सामानों की सूची मंच से पढ़ी और कहा कि यह सूची प्रिंट करा कर गांव गांव भेज रहे हैं ताकि आप सभी कम हुई कीमतों पर ही सामान खरीदें। उन्होंने बताया कि कृषि उपकरणों, खाद, दवाइयों आदि पर जीएसटी कम होने से किसानों को बड़ी राहत मिली है।

छोटे वाहन, स्कूटर तथा मकान बनाने के लिए सीमेंट, ईंट, रेत आदि सामग्री भी सस्ती हुई है जिससे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली है। कार्यक्रम के पश्चात पूर्व गृहमंत्री, भूपेन्द्र सिंह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर के बाजारों में भ्रमण पर निकले और दूकानदारों व उपभोक्ताओं से भेंट करते हुए उन्हें जीएसटी दरों के घटाए जाने की जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने हाथ में घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार की तख्तियां उठा रखी थीं व नारे लगा रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नवरात्रि पर 25 लाख नये उज्जवला गैस कनेक्शन वितरित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि 2 अक्तूबर को हम सभी रावण को जलाएंगे और अपने भीतर, मन और स्वभाव में व्याप्त बुराइयों को भी समाप्त करने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों की जमीनों पर कब्जा, उनका शोषण, सरकारी जमीनों पर कब्जा करके प्लाट और दूकानें बेचने वालों की प्रवृत्ति भी रावण जैसी ही है जिससे हम खुरई विधानसभा क्षेत्र में लड़ रहे हैं।



## मच्छरदानियों का वितरण कर बताया उपयोग का तरीका

**गढ़ाकोटा**। सागर जिले के गढाकोटा में सेवा पखवाड़े के तहत शनिवार के दिन नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने नगर पालिका कर्माचारियों के साथ पहुंच कर भगतसिंह वार्ड में मच्छरदानी वितरण की। इस अवसर पर मनोज तिवारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य डेंगू, मलेरिया और अन्य मच्छरजनित बीमारियों से लोगों को बचाव के उपायों पर वार्डवासियों को जानकारी दी गई। इस पहल से न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा मिला, बल्कि यह सेवा पखवाड़े के तहत जनसेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी बना। यह वार्डवासियों के लिए बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाई। डेंगू एवं मलेरिया के बचाव के लिए लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया।




## 175 छात्राओं आईटीआई का कराया भ्रमण

**गढ़ाकोटा**। सागर जिले के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत आईटी एवं ब्यूटी ट्रेड की छात्राओं को रहली शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एवं ब्यूटी पार्लर का भ्रमण कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य हरिशंकर सोनी ने बताया कि कक्षा नवमीं से बारहवीं तक की 175 छात्राओं को विद्यालय की उच्च. माध्यमिक शिक्षिका सोनम पांडे, ब्यूटी वैलनेस सी.वी गौर एवं आईटी ट्रेनर प्रभांशु रैकवार के साथ में प्रिया सोनी, नीलम एवं विद्यालय से रश्मि सोनी का मार्गदर्शन रहा।

### सिकल सेल एनीमिया रोग के लक्षण एवं बचाव विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया

# एनीमिया के कारण शरीर कमजोर हो जाने से व्यक्ति अपनी पारिवारिक और सामाजिक भूमिकाओं का अच्छी तरह निर्वहन नहीं कर पाता : डॉ स्मिता दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 17 सितंबर से आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को सिकल सेल एनीमिया रोग के लक्षण एवं बचाव विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सरोज गुप्ता मुख्य अतिथि एवं वक्त के रूप में सागर की प्रसिद्ध प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्मिता दुबे तथा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर अमर कुमार जैन तथा कार्यक्रम की प्रभारी रेणु सोलंकी महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की प्रभारी डॉ अभिलाषा जैन तथा इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ भरत कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

कार्यक्रम के संचालन कर्ता डॉ अमर कुमार जैन ने बताया कि एनीमिया कहने में एक छोटी बीमारी लगती है लेकिन यह हमारे स्वास्थ्य के साथ सामाजिक व्यवहार को भी प्रभावित करती है। कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ एवं निरोगी काया मनुष्य का सबसे बड़ा धन है और विद्यार्थियों को एनीमिया पर प्राप्त जानकारी को आगे अपने घर परिवार और समाज में जागरूकता के रूप में बढ़ाना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉक्टर




स्मिता दुबे ने बड़े आकर्षक तरीके से बच्चों के साथ संवाद और सवाल-जवाब करते हुए एनीमिया के शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव को बताया। उन्होंने बताया कि एनीमिया शरीर में खून एवं हीमोग्लोबिन की कमी होने को कहा जाता है जिससे गर्भवती महिलाएं अधिकांशतः प्रभावित रहती है और मध्य प्रदेश में एनीमिया के कारण होने वाली मातृत्व मृत्यु दर उच्च है।

एनीमिया के कारण शरीर कमजोर हो जाने से व्यक्ति अपनी पारिवारिक और सामाजिक भूमिकाओं का अच्छी तरह निर्वहन नहीं कर पाता और इससे अन्य बीमारियों को भी आमंत्रण मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ मनुष्य में पाए जाने वाली हीमोग्लोबिन के स्तर पर प्रश्न पूछा जिसका सही जवाब देने पर उन्होंने नेहा नामक छात्रा को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में पीरियड्स आने के कारण हीमोग्लोबिन की कमी ज्यादा रहती है, इसके अलावा फास्ट फूड का बहुत उपयोग, चाय और कॉफी का अधिक सेवन, आनुवांशिक कारण और कीड़े होने से भी खून की कमी शरीर में हो जाती है। आगे उन्होंने हीमोग्लोबिन की जांच के लिए किए जाने वाले टेस्ट- हीमोग्लोबिन सिरम फेरिटिन टेस्ट, हीमोग्लोबिन इलेक्ट्रोफॉरेसिस टेस्ट पर चर्चा की उन्होंने बताया कि डॉक्टर द्वारा आयरन की दवाई लेने और आयरन युक्त भोजन करने के बाद भी अगर शरीर में आयरन का स्तर सामान्य नहीं होता तो इसके आनुवांशिक कारण होते हैं जैसे व्यक्ति में थैलेसीमिया या सिकल सेल एनीमिया पाया जाता है और इसके लिए हीमोग्लोबिन इलेक्ट्रोफॉरेसिस टेस्ट करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि अनुवांशिक एनीमिया रोग को आगे बढने से रोकने के लिए सरकार को यह टेस्ट और अधिक करवाने चाहिए। गर्भवती महिलाओं को आने वाले बच्चे में इस रोग को रोकने के लिए अपने पति का भी यह टेस्ट करना चाहिए। उसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों से आयरन बढ़ाने वाले भोजन पर प्रश्न पूछा इस प्रश्न का सही उत्तर कविता पटेल और शिखा राजपूत ने दिया जिन्हें डॉक्टर द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शरीर में आयरन सोखने की क्षमता बढ़ाने वाली चीजों जैसे आंवला, नींबू खट्टे फलों के सेवन पर भी बात की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में एक बार पेट के कीड़ो की दवाई जरुर खानी चाहिए तथा हीमोग्लोबिन स्तर सामान्य होने के बाद भी अगले तीन महीने तक आयरन की दवाई खाते रहने से शरीर में खून की कमी पूर्णतया दूर हो जाती है तथा जान कारी दी कि आयरन और कैल्शियम की दवाइयां का सेवन करते समय उनमें चार घंटे का अंतर रखना चाहिए। उन्होंने छात्राओं द्वारा पीरियड से जुडी अनेक समस्याओं तथा एनीमिया संबंधी पूछे गये प्रश्नों का समाधान भी किया। अंत में उन्होंने प्लेट में हजार रंग तब बढ़ेगा हीमोग्लोबिन का अंक कहते हुए सभी विद्यार्थियों को एनीमिया से बचने के लिए फास्ट फूड और अधिक चाय कॉफी के सेवन न करने, हरी पत्तेदार सब्जी एवं फलों का रोज सेवन करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. भरत कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम में सभी उपस्थित सभी जनों का आभार ज्ञापित किया।

## कृषि क्लस्टरो की 26 कृषि सखियों का प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**सागर**। राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन के अंतर्गत सागर जिले के देवरी, केसली, रेहली, जैसीनगर एवं राहतगढ़ विकासखंडो के चयनित प्राकृतिक कृषि क्लस्टरो की 26 कृषि सखियों का प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में एवं उपसंचालक कृषि व परियोजना संचालक, आत्मा के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र, देवरी, सागर द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस एम के प्रजापति, परियोजना संचालक ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के उद्देश्यों तथा क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला, पीएस बडोले, उपसंचालक उद्यानिकी सागर ने उद्यान की फसलों में जैविक मल्चिंग, प्राकृतिक कृषि में फलदार वृक्षों को लगाकर अतिरिक्त आय तथा विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी एवं कृषि विज्ञान केंद्र सागर-II, देवरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आशीष त्रिपाठी ने उपस्थित कृषि सखियों एवं कृषको को प्राकृतिक कृषि की विभिन्न तकनीकों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने मृदा परीक्षण के आधार पर भूमि में पोषक तत्वों के समावेश हेतु जैविक एवं प्राकृतिक खाद के बारे में बताया साथ ही पोषक तत्वों के पौधों की वृद्धि और उपज में क्या महत्व है पर प्रकाश डाला। द्वितीय दिवस में मास्टर ट्रेनर सुखलाल वासकेल द्वारा जीवामृत एवं घन जीवामृत निर्माण और उसके उपयोग की जानकारी दी। डॉ आशीष त्रिपाठी ने कीट नियंत्रण की प्राकृतिक विधियो को विस्तार से समझाया। कृषि सखियों को को शांति धारा गौशाला में प्राकृतिक कृषि के विभिन्न उत्पाद एवं प्राकृतिक खेती का भ्रमण कराया गया। यहां पर रुपेश एवं कृष्ण कुमार ने गौशाला एवं गोबर गैस और प्राकृतिक इकाई का भ्रमण कराया। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र, बिजोरा फॉर्म, देवरी पर जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, दशपरनी अर्क आदि बनाने का प्रायोगिक कार्य कराया गया। प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस डा आशीष त्रिपाठी द्वारा प्राकृतिक कृषि के अंतर्गत विभिन्न रोग प्रबंधन एवं कीट प्रबंधन के उपायों पर जानकारी दी।

## उपज की आवक नहीं होने से मंडी को नहीं मिल रहा टैक्स, कर्मचारियों को वेतन के लाले

# अतिवृष्टि की भेंट चढ़ गईं खरीफ की फसलें कृषि उपज मंडी परिसर में पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

फसल न आने के कारण कृषि उपज मंडी खाली पड़ी है, जिससे लगभग दस हजार परिवारों पर आर्थिक संकट मंडरा रहा है। अनाज व्यापारियों, हम्मालों और कर्मचारियों को काम नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या का समाधान जिला मुख्यालय और आसपास के गांवों के किसानों द्वारा अनाज बेचने से हो सकता है। मंडी में किसानों की संख्या बहुत कम थी, जिससे दोपहर 12:20 बजे तक केवल सात आठ किसान ही अनाज लेकर पहुंचे थे।

भारी बारिश बाढ़ से तहसील रायसेन के अधिकांश गांवों की खरीफ सीजन की धान सोयाबीन और दलहनी फसलें बर्बाद हो गई है। ऐसी स्थिति में अन्नदाता बैंक सोसायटियों सेठ साहूकारों के कर्जदार हो चुके हैं। किसान मेहबूब खान पूर्व सरपंच साजिद खान सदालतपुर, बादामी पटेल, भुजेंद्र सिंह जादोन ने बताया कि अतिवृष्टि से किसानों की करीब 55 फीसदी से अधिक खरीफ की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। कृषि विभाग राजस्व विभाग के अमले द्वारा जो बर्बाद हुईं, फसलों का सर्वे कराया गया है। वह रसूखदार किसानों की दहलानों में मुंह देखकर किया गया है, जो मनमानी और अनदेखी को दर्शाता है।

### एसडीएम ने ली समीक्षा बैठक

हाल ही में एसडीएम मनीष शर्मा, प्रभारी मंडी सचिव वीके ठाकुर की मौजूदगी में बैठक आयोजित कर समीक्षा बैठक ली। मंडी के आय व्यय और खर्चों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। मंडी की आर्थिक स्थिति को सुधारने मंडी सचिव को निर्देशित किया। मंडी की दुकानों के किराए आय अनाज कारोबारियों के लाइसेंस पर भी चर्चा की गई।

### किसानों को कहीं उठाना ना पड़े आर्थिक नुकसान

किसान शेर सिंह, सुल्तानपुर के रनवीर रायसिख और आलमपुर के लखीराम ने कहा कि उन्हें एक अक्टूबर से खरीद शुरू होने की उम्मीद थी। उन्होंने चिंता जताई कि अगर जल्द खरीद शुरू नहीं हुई तो कम दामों पर फसल बेचनी पड़ेगी। किसान रणवीर ने कहा प्राइवेट डीलर नमी का बहाना बनाकर कम दामों फसल खरीदते हैं।

जिले में कई किस्मों की धान की फसल होती है। आमतौर पर बासमती धान को प्राइवेट डीलर खरीदते हैं। इनकी कीमत 2500 से 3100 प्रति क्विंटल होती है। जबकि गैर बासमती धान को सरकारी एजेंसियां खरीदती हैं। सरकार ने गैर बासमती धान का एमएसपी 2389 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

**फैक्ट फाइल**

- 150 अनाज व्यापारी
- 400 हम्माल
- 120 तुलावटी
- 130 दाना बीनने वाली महिलाएं
- 75000 से अधिक किसान संख्या
- 32 मंडी के कर्मचारी
- 7 से 8 दाल मिल



### किसान संगठन नेता बोले- जल्द शुरू हो तौल, व्यापारियों को कम दामों पर न बेचना पड़े धान

*पड़े फसल किसान जागृति संगठन के प्रमुख राजेन्द्र बाबू राय रज्जु भैय्या, संरक्षक इरफान जाफरी, विजय चौकसे जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, भाकिसं के अध्यक्ष मिट्ठू लाल मीणा ने बताया कि मप्र सरकार के धान खरीद के आदेश के बाद भी किसान पंजीयन कार्य शुरू हो चुका है। मंडियों और समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर पहले दिन से ही खरीदी की व्यवस्था जिम्मेदार अफसरों को पुख्ता इंतजाम करना चाहिए। समय से खरीद एजेंसी और राइस मिलर्स का चयन न होने के कारण किसानों को निजी व्यापारियों को कम दामों पर अपनी फसल बेचनी पड़ती है। मौसम में बदलाव के कारण पहले तैयार हुई फसल किसानों का कहना है कि मौसम में बदलाव के कारण इस बार फसल पहले तैयार हो गई। किसान रनवीर पटेल, डॉ चौकसे नरवर ने कहा कि सरकार ने बिना तैयारी के जल्दबाजी में धान खरीद की घोषणा कर दी। मिलर्स के चयन के बाद ही खरीद शुरू होना चाहिए।*

**इनका कहना है**

कृषि उपज मंडी की आर्थिक स्थिति में लगातार सुधारने की चर्चा कर जिम्मेदारों को निर्देशित किया जाएगा। कर्मचारियों को हर महीने समय पर वेतन भुगतान किया ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

- **मनीष शर्मा**, एसडीएम रायसेन

### आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही मंडी

*कृषि उपज मंडी इन दिनों आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही है, जिसका खामियाजा यहां उपज बेचने वाले किसान ही नहीं मंडी कर्मचारी भी भुगत रहे हैं। शनिवार को दोपहर हरिभूमि की टीम कृषि उपज मंडी में पहुंची। वहां पर पूरा मंडी मैदान खाली पड़ा था। हम्माल, तुलावट और अनाज का दाना बीनने वाली महिलाएं किसानों का इंतजार कर रही थी। व्यापारी भी मंडी मैदान के चक्कर लगा रहे थे। दोपहर 12:20 बजे तक सिर्फ 7-8 किसान ही अनाज लेकर पहुंचे। इन किसानों को मंडी में आते देख कई व्यापारी अनाज खरीदने के लिए आ गए। उनके पास काम मिलने की आस को लेकर हम्माल और तुलावटी के लोग आ गए। गल्ला मंडी में दाना बीनने आई महिला कस्तुरी बाई, रामकली देवी ने बताया कि मंडी में काम करने के लिए 130 से अधिक महिलाएं हैं। वह व्यापारी या किसान के कहने पर अनाज के लगे ढेर को साफ करती है। इसका मेहनताना शाम को मिल जाता है। यह काम वर्षों से करते आ रहे हैं। इसी से परिवार का भरण पोषण हो रहा है, लेकिन इस बार परिवार के भरण पोषण पर संकट आ गया है। दो महीने से मंडी में काम ही नहीं आ रहा है। हम्माल पप्पू ठाकुर शहजादे मेवाती चंदू अहिरवार ने बताया कि सुबह 8 बजे से रात 11 बजे तक काम मिलता था, लेकिन दो महीने से सुबह से शाम तक फ्री बैठे रहते हैं।*

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बिगड़े बोल

# कांग्रेस ने उठाई मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग



- मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का भाई बहन के पवित्र रिश्ते पर अमर्यादित बयान बेहद शर्मनाक : प्रतिभा विक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। जिसमें मप्र कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता प्रतिभा विक्टर, मनोज अग्रवाल, पार्षद प्रभात चावला, श्रीमति चंदा चौहान, जावेद अहमद खान उपस्थित रहे।

प्रदेश प्रवक्ता प्रतिभा विक्टर प्रेस कांफ्रेंस में बोलीं कि प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने हाल ही में शाजापुर में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी को लेकर जो अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। वह ऐसे समय किया, जब पूरा देश आदि शक्ति मां जगदंबे का शारदीय नवरात्रि पर्व मना रहा है।

मां-बहनों के इस पवित्र रिश्ते के प्रति इस तरह की अमर्यादित भाषा बोलने वाले कैलाश विजयवर्गीय को देवी भगवती सदबुद्धि दें। लेकिन उनका यह बयान भाई बहन के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वाला घोर महापाप और उनके दिवालियापन के प्रतीक है।

विदिशा में कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे की टिप्पणी पर प्रवक्ता प्रतिभा विक्टर बोलीं लाड़ली बहनों को सीएम की सभा में भीड़ जुटाने के रूप में उपयोग किया जाता है यह बड़े शर्म की बात है।

**मंत्री को दी चेतावनी**

प्रदेश प्रवक्ता ने नगरीय प्रशासन मंत्री श्री विजयवर्गीय को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से जल्द बर्खास्त करने की मांग उठाई है। वहीं उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि बीजेपी सरकार महिलाओं की रक्षा करने में फेल है। महिला अपराध में मप्र नंबर वन बन चुका है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2020 में मप्र में 6135 बलात्कार की घटनाएं दर्ज थीं। जो बढ़कर 7294 हो गईं। मुख्यमंत्री डॉ यादव मप्र विधानसभा भवन भोपाल में खुद स्वीकार चुके हैं। रोजाना महिलाओं के साथ 20 दुराचार साथ 333 महिलाओं के अपहरण की घटनाएं हो रही हैं।

### नगर परिषद ने जेसीबी से हटाया अतिक्रमण

**सिलवानी।** नगर परिषद द्वारा लगातार नगर में विकास कार्य कराए जा रहे है, लेकिन कतिपय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर विकास कार्यो में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। इस अतिक्रमण को नप द्वारा शनिवार को जेसीबी की मदद से हटाया। नगर परिषद ने नगर के दशहरा मैदान पर निर्माण कार्य कराए जा रहे है। यहां पर सड़क का निर्माण किया जाना है लेकिन निर्माण में महेश कुमार नामक व्यक्ति द्वारा सरकारी भूमि पर किया कब्जा बाधक बन रहा था। इस कब्जे को नप ने सख्ती से हटवाया।

## पीएमश्री विद्यालय सेमरा में गरबा उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

पीएमश्री शासकीय विद्यालय सेमरा में गरबा महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों तथा छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजे छात्र-छात्राओं ने गरबा एवं डांडिया की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे पूरा परिसर आनंदमय माहौल में झूम उठा।

कार्यक्रम के दौरान बच्चे हर्षित एवं प्रसन्न दिखाई दिए। मध्याह्न भोजन में विद्यार्थियों को फलाहार कराया, जिससे उत्सव का आनंद और बढ़ गया। विद्यालय परिवार द्वारा इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में पारंपरिक लोकनृत्य एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्राचार्य असमत बेगम संगीत शिक्षक कामना गौर एवं रचना नामदेव की रही।



## रामलीला में नारद मोह लीला का मंचन

### हिंउस अध्यक्ष जस्सी अटवाल ने फीता काटकर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

सनातन श्रीरामलीला मंडल बाड़ी द्वारा श्रीरामलीला में नारद मोह कथा का मंचन किया गया। श्रीरामलीला का मुख्य अतिथि श्री हिन्दू उत्सव समिति बाड़ी के अध्यक्ष जस्सी अटवाल द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया। कलाकारों ने जस्सी अटवाल का फूल माला पहना कर स्वागत किया। लीला में देव ऋषि नारद हिम गिर गुफा में तपस्या करते है देवराज इंद्र नारद की तपस्या से भय भीत होकर कामदेव और रति को भेजकर तपस्या भंग करने का प्रयास करते है, लेकिन कामदेव नारद की तपस्या भंग करने में असफल हो जाते है। तब नारद को कामदेव को जीत लेने से अहंकार हो जाता है। कलाकार अरविंद सिंह ठाकुर, धनराज तिवारी, गोरीशंकर केवट, खूननुलाल, छगनलाल, राजेश भाई, मनीष केवटका स्वागत मनोज शर्मा, मुकुल यादव ने किया।




## बदला मौसम, रुक-रुक कर हुई बारिश

- मां दुर्गा पंडालों की व्यवस्थाएं अस्त व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सितंबर माह के समाप्त होने से पूर्व एक बार फिर मौसम बदल गया। आसमान में घने बादलों का डेरा बना हुआ है। बीती रात, सुबह और दिन में अनेक बार रूक-रूक कर बारिश होने से नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र भीगता रहा। रिमझिम बारिश से सड़कों पर बना कीचड़ परेशानियों का कारण बन रहा है।

नगर में दर्जनों दुर्गा पंडालों झांकियों में भारी विधुत सजावट पर समितियों द्वारा लाखों रुपए की राशि खर्च की गई। दो दिनों से दुर्गा पंडालों की व्यवस्थाएं अस्त व्यस्त और दुर्गा पंडालों में पहुंचने वाले देवी भक्त नर-नारियों की संख्या आधे से भी कम हो गई। जिस प्रकार क्वार के महिना के आखिरी दिनों में भारी गर्मी, तेज धूप और भारी उमस का माहौल बना हुआ था। उससे बारिश होने की संभावना बनी हुई थी।



### बारिश से मिलेगा धान की फसलों को लाभ

*क्षेत्र में धान की फसलों में बालियां निकलना शुरू हो गई है। फसलों पर कभी गर्म कभी ठंडा मौसम का रोगों के प्रकोप के रूप में असर भी बना हुआ है। हाल ही में हुई बारिश और घने बादलों का डेरा बना रहने से फसलों को लाभ की स्थिति बन रही है। धान फसलें पकने में अभी लम्बा समय है। अच्छी बारिश से फसलों में पानी देने की समस्या से फिलहाल किसानों को राहत मिल गई है।*

### चित्रांश परिवार ने देवी भक्तों को फलाहार एवं मट्ठा का किया वितरण

**रायसेन।** समाजसेवी स्व. महेश श्रीवास्तव द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र की गई परंपरा को आगे बढ़ाते हुए चित्रांश परिवार द्वारा सागर रोड़ स्थित एसबीआई शाखा रायसेन के सामने चुनरी यात्रा में शामिल हुए देवी भक्तों को ना बल्कि फलाहारी साबूदाना खिचड़ी बांटी और ढ़ाई क्विंटल नमकीन ठंडा मट्ठे का वितरण किया। समाजसेवी अनिल अन्नू श्रीवास्तव ने बताया कि समाजसेवा के क्षेत्र में जनहित, धार्मिक कार्यों में कार्य जरूरतमन्दों की मदद हमेशा की जाती रहेगी। इस अवसर पर सूर्यकांत सक्सेना, दीपक श्रीवास्तव, बबलू, बंटू, रूपेश, अंश, सक्षम, ओमबाबू श्रीवास्तव आदि ने फलाहार वितरण में भरपूर सहयोग किया।

## आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी व बचत उत्सव पर हुई कार्यशाला

# सरकार का हर निर्णय राष्ट्र व जन हित में: राज्यमंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर के शिवाजी सेवा सदन भाजपा कार्यालय में आत्म निर्भर भारत अभियान एवं जीएसटी बचत उत्सव जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि मोदी सरकार का हर निर्णय राष्ट्र और जनता के हित में लिया जा रहा है। देश की जनता को त्योहारों से पहले मोदी जी ने बड़ा उपहार दिया है। ट्रेक्टर वाहन, उपभोक्ता वस्तुओं की टेक्स दरों में कटौती से किसानों, गरीबों, व्यापारियों, मध्यम वर्ग, लघु एवं कुटीर उद्योग सभी को लाभ मिल रहा है।



### प्रत्येक विधानसभा में होंगे सम्मेलन

जिला स्तरीय कार्यशाला में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल, आत्म निर्भर भारत अभियान संयोजक केशव पटेल, जीएसटी संयोजक हरि साहू, ब्रजगोपाल लोया, प्रेम शंकर साहू, गायत्री नागरिया, मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत सहित अन्यों की उपस्थिति रही।

भाजपा जिला अध्यक्ष शर्मा ने नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफर्म पर विस्तृत जानकारी दी। 3 से 10 अक्टूबर तक रायसेन जिले की प्रत्येक विधानसभा में व्यापारियों, उद्योगपतियों, उपभोक्ताओं के सम्मेलन आयोजित किए जाएगें।

सुधीर अग्रवाल ने भी जीएसटी से हो रहे आमजन को लाभ के संबंध में बताया। कार्यक्रम का संचालन केशव पटेल ने आभार दीपेन्द्र पाल ने व्यक्त किया।

## गोपियों का विरह, महारास, रुक्मिणी विवाह प्रसंग की सुनाई कथा

# श्रीकृष्ण लीला से भावविभोर हुआ जनमानस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के वार्ड क्रमांक 4 में आयोजित साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के षष्ठम दिवस पर भक्ति, श्रद्धा और श्रीकृष्ण प्रेम से ओतप्रोत वातावरण में श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण में लीन दिखे। कथा व्यास पंडित भूपेंद्र शास्त्री के संगीतमय वर्णन ने श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण की लीलाओं में डुबो दिया।

कथा वाचक ने श्रीकृष्ण की महारास लीला का भावुक वर्णन करते हुए बताया कि यह वह दिव्य प्रसंग है, जिसे सुनने स्वयं भगवान शंकर भी नंदगांव पधारे थे। जब भगवान श्रीकृष्ण ने मथुरा प्रस्थान किया और अक्रूर जी उन्हें रथ में बैठाकर ले गए, तब गोपियों के करुण वियोग वर्णन ने कथा पंडाल को भावविभोर कर दिया।

श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और वातावरण में एक अलौकिक शांति छा गई। जैसे ही कथा श्रीकृष्ण के मथुरा आगमन और कंस वध प्रसंग पर पहुंची, कथा पंडाल जय श्रीकृष्ण के उद्घोष से गूंज उठा। इसके पश्चात उन्होने श्रीकृष्ण द्वारा जरासंध को 17 बार पराजित करने की गाथा का ऐसा वीर रस से वर्णन किया कि श्रद्धालु श्रद्धा के साथ साथ गौरव और आत्मबल से भी भर उठे।



### रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर झूम उठा जनसमूह

कथा में जब रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनाया गया और पं. भूपेंद्र शास्त्री ने बताया कि किस प्रकार रुक्मिणी जी ने श्रीकृष्ण को पत्र भेजकर उन्हें अपना पति मानकर बुलाया और श्रीकृष्ण ने उनका हरण कर विवाह किया तो पंडाल में उत्सव और आनंद का भाव उत्पन्न हो गया। श्रद्धालु भक्ति संगीत और कथा की लय में झूम उठे। कथा के दौरान पं. भूपेंद्र शास्त्री ने कहा कि व्रतों में एकादशी व्रत सर्वश्रेष्ठ है, जिसे हर व्यक्ति को अवश्य करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि स्वयं नंदबाबा ने एकादशी व्रत का पालन किया था, जिससे इसकी महिमा और भी बढ़ जाती है। उन्होंने एक खास धार्मिक चेतावनी देते हुए कहा सूर्यास्त के बाद किसी जलाशय में स्नान नहीं करना चाहिए, इससे जल देवता वरुण कुपित होते हैं। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति संगीत, मृदंग, हारमोनियम और श्रीमद्भागवत श्लोकों की मधुर गूंज ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। श्रद्धालु घंटों तक कथा पंडाल में शांत और एकाग्र होकर कथा श्रवण करते रहे।

# विहिप, बजरंग दल के सहयोग से दुर्गा वाहिनी ने निकाली मातृशक्ति यात्रा

## श्रीराम लीला मैदान में हुआ शस्त्र पूजन, किया नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

श्रीरामलीला मैदान में दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा शस्त्र पूजन के साथ नगर में मातृ शक्ति शोभायात्रा निकाली, कई स्थान पर स्वागत किया। मातृ शक्ति यात्रा में भारत माता की झांकी, एक से गणवेश में हाथों में केसरिया ध्वज पताकाएं लेकर निकली मातृ शक्ति की बहिनें आकर्षण का केन्द्र बनी रही।

नगर में नरसिंह अखाडें की बालिकाएं विभिन्न अवसरों पर अखाडे का सार्वजनिक प्रदर्शन कर मातृ शक्ति विशेष कर युवतियों में चेतना का संचार कर रही है। नगर में पहली बार दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा यात्रा निकाल कर मातृ शक्ति की हुंकार भरी है। बहिनों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया।

इसके बाद मातृ शक्ति यात्रा प्रारंभ हुई, जो मुख्य मार्ग से होते हुए वापिस रामलीला मैदान पहुंचनकर समाप्त हुई। मातृ शक्ति यात्रा में विहिप, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, सरस्वती शिशु मंदिर, नरसिंह अखाडा, नरसिंह अखाडे, हिउस इत्यादि संगठनों के पदाधिकारियों की सक्रियता एवं सहयोग बना रहा। पूनम अग्रवाल, मोनिका धाकड़, शिवा पोरिया ने सभी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

